| |
|---|
| दिनांक 15.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 379/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद बागपत/थाना दोघट

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 14.07.2026 को थाना दोघट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अभिषेक उर्फ फौजी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना दोघट पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बागपत के थाना दोघट पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना दोघट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अभिषेक उर्फ फौजी निवासी भभीसा थाना कांधला जनपद शामली।

## जनपद बागपत/थाना बडौत

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 15.07.2026 को थाना बडौत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त सद्दाम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बडौत पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बागपत के थाना बडौत पर चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बडौत पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सद्दाम निवासी पट्टी धनकौशिया कस्बा व थाना छपरौली जनपद बागपत।

## जनपद बाराबंकी/थाना जहाँगीराबाद

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 15.07.2026 को थाना जहाँगीराबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर देवा रोड चन्दौली मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त सूरज उर्फ रूपेन्द्र को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद बाराबंकी से वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना जहाँगीराबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सूरज उर्फ रूपेन्द्र निवासी देवरी रूखरी थाना बक्शी का तालाब कमिश्नरेट लखनऊ।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस–1

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 11 दो पहिया वाहन व 01 मोटर साइकिल की चेचिंस बरामद**

दिनांक 15.07.2026 को थाना फेस–1 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बर्ड सेंचुरी अण्डरपास के पास से अभियुक्त आशु को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 11 दो पहिया वाहन व 01 मोटर साइकिल की चेचिंस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व दिल्ली के विभिन्न थानो में लूट, चोरी आदि के 33 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना फेस–1 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आशु निवासी पीपल चौक दल्लुपुरा थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 11 दो पहिया वाहन व 01 मोटर साइकिल की चेचिंस।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–24**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 दो पहिया वाहन**
- **चोरी के 03 मोबाइल फोन**
- **नगद रूपये आदि बरामद**

दिनांक 14.07.2026 को थाना सेक्टर–24 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मदर डेयरी, गंदे नाले के पास से अभियुक्त 1–जितेन्द्र 2–अरबाज 3–अभिषेक को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 दो पहिया वाहन, चोरी के 03 मोबाइल फोन, नगद रूपये आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–24 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जितेन्द्र निवासी दल्लुपुरा थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली।

2–अरबाज निवासी अजहौर बेगूसराय बिहार, वर्तमान पता दल्लुपुरा थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली।

3–अभिषेक निवासी हरवा मगल पाल सोनपुर बिहार, वर्तमान पता दल्लुपुरा थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली।

**बरामदगी**

1–चोरी की 07 दो पहिया वाहन।

2–चोरी के 03 मोबाइल फोन।

3–नगद रूपये आदि।

**जनपद बहराइच/थाना रूपईडीहा**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 586 ग्राम अवैध चरस बरामद**

दिनांक 14.07.2026 को थाना रूपईडीहा व एसएसबी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कस्बा रूपईडीहा से अभियुक्त विरेन्द्र बहादुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 586 ग्राम अवैध चरस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रूपईडीहा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विरेन्द्र बहादुर निवासी बारेकोट ग्राम पालिका वार्ड नं0–04 जाजरकोट नेपाल।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 586 ग्राम अवैध चरस।

**जनपद बहराइच/थाना मोतीपुर**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **237 ग्राम अवैध स्मैक**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 15.07.2026 को थाना मोतीपुर व एसएसबी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पड़रिया चौराहा के पास से अभियुक्त इसरार को गिरफ्तार

किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 237 ग्राम अवैध स्मैक, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मोतीपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—इसरार निवासी ग्राम मेढकिया पौण्डा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1—237 ग्राम अवैध स्मैक।

2—01 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल।

**जनपद देवरिया/थाना श्रीरामपुर**

- **अवैध शराब की तस्करी कर रहे 08 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **126 पेटी अवैध शराब**
- **घटना में प्रयुक्त 08 मोटर साइकिल, 04 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद**

दिनांक 15.07.2026 को थाना श्रीरामपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मैदनिया तिराहा के पास चेकिंग के दौरान अवैध शराब की तस्करी कर रहे 08 अभियुक्तों 1—विक्की 2—राहुल कुमार 3—नीपू कुमार 4—प्रियांशु कुमार 5—विशाल 6—राहुल कुमार 7—यश 8—नितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 126 पेटी अवैध शराब, घटना में प्रयुक्त 08 मोटर साइकिल, 04 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना श्रीरामपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विक्की निवासी कबीरपुर थाना मैरवा जनपद सिवान, बिहार।

2—राहुल कुमार निवासी विशुनपुरा थाना मैरवा जनपद सिवान, बिहार।

3—नीपू कुमार निवासी विजयीपुर थाना मैरवा जनपद सिवान बिहार।

4—प्रियांशु कुमार निवासी सेवतापुर थाना मैरवा जिला सिवान बिहार।

5–विशाल निवासी डोमडीह थाना मैरवा जिला सिवान बिहार।

6–राहुल कुमार निवासी ईमलौली थाना मैरवा जिला सिवान बिहार।

7–यश निवासी ग्राम सुमेरपुर थाना मैरवा जिला सिवान बिहार।

8–नितेश कुमार निवासी ग्राम गंधुछापर थाना मैरवा जनपद सिवान बिहार।

**बरामदगी**

1–126 पेटी अवैध शराब।

2–घटना में प्रयुक्त 08 मोटर साइकिल, 04 फर्जी नम्बर प्लेट।

- **जनपद बहराइच/थाना पयागपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 28–28 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बहराइच पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बहराइच द्वारा थाना पयागपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 148/302 सपठित धारा 149 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–रामकिशुन 2–बलदेव 3–राजेन्द्र 4–लफडू को सश्रम आजीवन कारावास व 28–28 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **कमिश्नरेट लखनऊ/थाना बन्थरा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को कठोर आजीवन कारावास की सजा व 65 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय लखनऊ द्वारा थाना बन्थरा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366ए/376डी(बी) भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–रामेश्वर 2–अनुज को कठोर आजीवन कारावास व 65 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद फतेहपुर/थाना चांदपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फतेहपुर द्वारा थाना चांदपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–राजू 2–अभियुक्ता को सश्रम आजीवन कारावास व 50–50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

| |
|---|
| दिनांक 15.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 380/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## सतर्कता अधिष्ठान, उ0प्र0 की वाराणसी इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में सतर्कता अधिष्ठान, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 15.07.2026 को **सतर्कता अधिष्ठान, उ0प्र0 की वाराणसी इकाई** द्वारा शिकायतकर्ता अजय कुमार मौर्य से कम्पनी ब्लैक स्मिथ इन्डस्ट्रीज प्रा0लि0 के माह फरवरी 2023 के रिटर्न तथा जीएसटी(राज्य) के आगणन के सम्बन्ध में कम्पनी के फाइल के निस्तारण के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी सेक्टर की ट्रैप टीम द्वारा दादा रेस्टोरेण्ट के बगल, चेतगंज वाराणसी से **श्रीमती अंबिका उपायुक्त जीएसटी (राज्य) सेक्टर-6 वाराणसी** को **50 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

———————